## खबर संक्षेप

### हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर मोतीनाला, लिंगामाल तथा बेरपानी को मिला राष्ट्रीय स्तर गुणवत्ता मानक एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

**मण्डला।** स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर के गुणवत्ता अनुरूप सेवाएं प्रदान करने के लिये नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्रोग्राम लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है जिसमें उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक को शामिल कर सर्टिफिकेशन के मापदंड अनुसार सेवाएं उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाता है। उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए लागू किये गये एनक्यूएएस मापदण्ड में मंडला जिले के हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर मोतीनाला (बम्हनी बंजर), लिंगामाल (बम्हनी बंजर) तथा बेरपानी (बीजाडांडी) ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला जिले से मवई विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र मोतीनाला ने 92.38 प्रतिशत, उप स्वास्थ्य केन्द्र बेरपानी ने 93.39 प्रतिशत और उप स्वास्थ्य केन्द्र लिंगामाल ने 75 प्रतिशत के साथ नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। एनक्यूएएस अंतर्गत उत्तीर्ण होने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्रों का राज्य स्तरीय व नेशनल टीम भारत सरकार के द्वारा असेसमेंट किया गया। निरीक्षण रिपोर्ट के बाद परिणाम जारी किये गये हैं। एनक्यूएएस में निर्धारित मापदंड अनुसार लोगों को सेवाएं प्रदाय किया जाना आवश्यक होता है। इसमें सात तरह की सेवाओं को मुख्य रूप से शामिल किया गया है।

### 34 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** वर्षा एवं आंधी तूफान से अर्धपक्का मकानों को हुई क्षति के 17 प्रकरणों में तहसीलदार निवास द्वारा कुल 34 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिन लोगों को सहायता राशि स्वीकृत की गई है उनमें संगत सिंह पिता रतनसिंह, बसोरा पिता बदिया, देवेन्द्र पिता बसोरा, भदुआ पिता झामू, वंशी पिता पन्नालाल, यशवंत पिता भूपत, माहूलाल पिता पन्नालाल, विनोद पिता दवुआ, जयकरण पिता फत्तेसिंह, हुकमाबाई पति गेंदलाल, शिवराम पिता चम्मा, तुलसी पिता चिम्मा, घनश्याम पिता ओमकार, उमाकान्ती पति शिवकुमार, हरीलाल पिता ओमकार, रामप्रसाद पिता माहूलाल एवं जगत पिता गरीबा शामिल हैं। प्रत्येक को 2-2 हजार रूपए की राशि प्रदाय की गई है।

## चावल में कीड़े और चीटियां, दाल भी पानी वाली

# बच्चों को परोस दिया बदबूदार भोजन

*** ग्राम बकछेरादोना के जमगांव टोला स्थित आंगनवाडी केन्द्र का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

केंद्र व राज्य सरकार बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्र संचालित की है। जहां नौनिहालों को पोषण युक्त पौष्टिक आहार मिल सके। इसके लिए सरकार द्वारा बच्चों के पौष्टिक भोजन के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर रही है, लेकिन इसके संचालन में हद दर्जे की लापरवाही बरती जा रही है। नौनिहालों को घटिया भोजन परोसा जा रहा है। भोजन भी ऐसा की उसमें से बदबू आ रही है, चांवल में कीड़े और चीटियां है, दाल खाने लायक नहीं है।

जानकारी अनुसार आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के ग्राम बकछेरादोना के जमगांव टोला स्थित आंगनवाडी केन्द्र में बच्चों को घटिया भोजन परोसने का मामला सामने आया है। बताया गया कि जमगांव टोला आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को सड़े गले और कीड़ों वाला भोजन बनाकर दिया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्र में सूर्या समूह की महिलाओं द्वारा खाना बनाया जाता है।



बताया गया कि समूह द्वारा बनाए गए खाने को जैसे ही खोला गया तो पूरे कमरे में खाने से निकली बदबू फैल गई, चावल में कीड़े एवं चीटियां पड़ी हुई नजर आई। दाल में पानी के अलावा कुछ था ही नहीं, पूरा खाना सड़ा हुआ और बदबूदार था। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमंत्रा मार्को ने इस बात की शिकायत समूह की महिला कमलेश दुबे से की तो उसने अपनी तबियत खराब होने का बहाना बनाते हुए सीधे अपना पल्ला झाड़ लिया और बताया कि आज का खाना मेरे पति रामकुमार दुबे के द्वारा बनाया गया है। खाना इतना बदबूदार था की जैसे 2 से 3 दिन पहले बनाया गया हो।



### शासन की मंशा पर फेर रहे पानी

बताया गया कि प्रदेश सरकार भले ही आंगनवाड़ी केन्द्रों को आधुनिक बनाने और बच्चे को पौष्टिक भोजन प्रदान करने की कवायत कर रही है, वहीं खाना बनाने वाले समूह शासन की मंशा पर पानी फेर रहे है। जिले के अधिकांश स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों में बनाए गए मेन्यू के हिसाब से भोजन नहीं दिया जाता है। समूह द्वारा दाल चावल, कढ़ी और खिचड़ी ही परोसी जाती है। बता दे कि जमगांव स्कूल का भवन और रसोई की हालत जर्जर है। स्कूल के कमरों में पानी टपकता है। जहां बच्चों को पढने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। स्कूल में भोजन बनाने की समुचित व्यवस्था भी नहीं है। महिला समूह द्वारा अपने घर से भोजन बना कर लाते हैं और मनमानी करते हैं। स्कूल के बाजू से लगे हुए हेंडपाइप में भी गंदगी का आलम है, जहां स्कूली बच्चे पानी पीते हैं। यह देख कर कहा जा सकता है की स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।




# झमाझम बारिश से नर्मदा का जल स्तर बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला जिले में बारिश का दौर बीते एक सप्ताह से जारी है। शुरू हुई से मौसम में ठंडक घुलने लगी है। वहीं दिन में भी रूक-रूक कर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश हो रही है। वहीं रात में भी बारिश का दौर जारी है। मंडला और डिंडोरी जिले में हो रही बारिश के कारण मंडला में नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। फिलहाल बारिश की शुरूआत है, ऊपरी क्षेत्रों और जंगली इलाकों में लगातार बारिश के बाद नर्मदा नदी के जल स्तर में आगे बढ़ोत्तरी होगी। वहीं बाढ़ की स्थिति से निपटने प्रशासन ने संबंधित विभाग को निर्देशित भी कर दिया है। बताया गया कि भारी बारिश से सामान्य जनजीवन प्रतिवर्ष प्रभावित होता है। जिससे निपटने के लिए प्रशासन ने अलर्ट रहने निर्देश दिए है। मंडला सिवनी मार्ग के बीच नैनपुर में थांवर नदी में पुल का निर्माण कार्य विगत कई वर्षो से चल रहा है, जो आज दिनांक तक पूर्ण नहीं हो सका है। हर साल भारी बारिश के कारण मंडला सिवनी मार्ग बंद हो जाता है। जिससे यहां से गुजरने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

जिले की सभी तहसीलों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। भारी बारिश की संभावना के चलते जिला प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण अमले को एलर्ट जारी किया है। तहसील स्तर पर नियुक्त बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में हालतों पर नजर रखने के निर्देश दिये गये है। सूचना तंत्र को मजबूत करने कहां गया है। जिले के आसपास के जिले व डिंडौरी में हो रही बारिश से नर्मदा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होती है। इसके लिये सीडब्लूसी को तत्काल सूचना दी जाती है। जिला स्तर पर बनाया गया बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं नगरपालिका स्थति कंट्रोल रूम आपस में जानकारियों को सांझा करते है, जिससे बाढ़ आने के पूर्व ही इसकी सूचना मुख्यालय तक पहुंच जाये। बताया गया कि फिलहाल बारिश का दौर अभी शुरू ही हुआ है। वहीं नर्मदा के पाट चौड़े हो जाने के कारण बाढ़ का खतरा कम ही है।

जिले के ऐसे कई वनांचल क्षेत्रों के ग्रामों को मुख्य सड़क से जोडने वाले मार्ग अधिक बारिश में प्रभावित हो जाते है। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गो में कम ऊंचाई में पुल पुलियो का निर्माण हुआ है। बारिश के दौरान नैनपुर में थांवर नदी, भुआबिछिया में मटियारी नदी, बम्हनी में बंजर नदी के जलस्तर का बढन्ना घटना जारी रहता है, जिससे पुल पुलियो का डूबना और उतरना बारिश के दौरान बना रहता है।

# 20 जुलाई को आयोजित होगा रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आगामी 20 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जबलपुर के नेताजी सुभाषचंन्द्र बोस कल्चरल एण्ड रिसर्च सेंटर में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों के संबंध में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में कमिश्नर अभय वर्मा ने रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव 2024 की थीम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा संभाग में औद्योगिक विकास की संभावनाएं, आवश्यकता, तैयारियों, कार्ययोजना के संबंध में विभिन्न तथ्यों पर गंभीरता से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से संपन्न हुई इस बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर उपस्थित रहे।




कमिश्नर श्री वर्मा ने कहा कि उद्योगपतियों के साथ बैठक आयोजित करें तथा उन्हें रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के संबंध में जानकारी देते हुए उनकी सक्रिय सहभागिता कराने का प्रयास करें। कॉनक्लेव का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कॉनक्लेव में भाग लेने के लिए निवेशकों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित करें। संभाग आयुक्त ने आयोजन की रूपरेखा तथा कार्यक्रम स्थल पर लगने वाली प्रदर्शनी के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिले में उद्योगों की स्थापना तथा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। आगामी 20 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले इस रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव में डिफेंस, मिनरल्स, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल, एग्रोफूड सहित विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा देने एवं उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किया जायेगा। इस कॉनक्लेव में देशभर की प्रख्यात औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## यातायात पुलिस ने लोडिंग वाहनों में लगाये रेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मण्डला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी यातायात ललित धुर्वे सहित स्टाफ द्वारा यातायात नियमों का पालन करने आम नागरिकों में यातायात के प्रति जागरूकता लाने व दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर के अलग-अलग मार्गों पर लोडिंग वाहन व ट्रैक्टर ट्राली में पिछले हिस्से पर दृष्टता के लिए वाहनों में रिफ्लेक्टर/रेडियम लगाने की कार्रवाई शुरू की गई।



साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की भी समझाईस दी जा रही है, आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियमो के पंपलेटस भी वितरित किए जा रहे हैं।

## थाना यातायात पुलिस ने आटो यूनियन, स्कूल वैन चालकों के साथ की बैठक

**मण्डला।** मण्डला यातायात पुलिस द्वारा थाना यातायात मंडला में ऑटो यूनियन के पदाधिकारी, ऑटो चालकों एवं स्कूल वैन के चालकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में थाना प्रभारी यातायात ललित धुर्वे द्वारा यातायात नियमों का पालन करने की समझाएं दी। यातायात प्रभारी ने कहां कि वैन और ऑटो चालक स्कूली बच्चों को लाने ले जाने का काम करते हैं, वह सावधानी पूर्वक बच्चों को लाने ले जाने का कार्य करें। बैठक में यातायात प्रभारी ने कहां कि क्षमता से अधिक बच्चों एवं सवारियों को अपने ऑटो, वैन में ना बैठाये, तेज गति से वाहन ना चलाएं शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण रखें, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें। यातायात संकेतों रेड लाइट जंप ना करें, बिना वैध बीमा के वाहन ना चलाएं है। इसके साथ ही रोड पर अनावश्यक वाहन खड़े न करें एवं शहर की यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें।



**निर्देश** | कलेक्टर ने की बारिश से हुए नुकसान तथा जलभराव की समीक्षा।

# तत्काल प्रभाव से करें मरम्मत का कार्य





*** राहत से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें-डॉ. सिडाना।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

बारिश से हुए नुकसान तथा जलभराव की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि राहत से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें। नुकसान का आंकलन कराते हुए समय पर संबंधितों को पात्रतानुसार सहायता प्रदान करें। कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, समस्त एसडीएम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बारिश से पुल-पुलियों तथा सड़कों में हुई टूट-फूट में तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करें। पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाएं। सड़कों के गड्ढों को भरें। बाढ़ अथवा पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने पर यदि मार्ग परिवर्तित किया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। चिन्हित किए गए राहत केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल, खाद्यान्न सामग्री, फस्टेड बॉक्स सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता रखें। बिजली की आपूर्ति निर्बाध जारी रखें, यदि किसी कारण से आपूर्ति बाधित होती है तो तत्काल सुधार कराएं। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई, जनपद सीईओ तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा क्लोरीनेशन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी के स्त्रोतों को साफ रखें अन्यथा की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सीईओ जनपद तथा सीएमओ नगरपालिका सफाई व्यवस्था को पुख्ता बनाएं। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त भवनों में स्कूल तथा आंगनवाड़ियों का संचालन न करें।

## 132 के व्ही सबस्टेशन बिछिया में हुआ पौधरोपण

*** एमपी ट्रांसको का पौधरोपण अभियान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार और ऊर्जा विभाग की बिजली कंपनियों में पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के बिछिया सहित विभिन्न सब स्टेशनो और रहवासी कालोनियों में वृहद पौधरोपण के पहले चरण में 2000 पौधों के रोपण लक्ष्य के मुकाबले 3261 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण को लेकर एम पी ट्रांसको के कार्मिकों के अलावा उनके परिजनों में भी गज़ब का उत्साह रहा, जिन्होंने एम पी ट्रांसको की रहवासी कालोनियों में बढ़ चढ़कर पौधारोपण किया।

मण्डला जिले के बिछिया 132 केव्ही सबस्टेशन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इन पौधों में ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले वृक्षों के अलावा फलदार और छायादार पौधों की विभिन्न प्रजाति शामिल हैं। पौधरोपण करने वाले कार्मिकों और परिजनों ने शपथ लेकर स्वेच्छा से इन पौधों की देखरेख का जिम्मा भी लिया।



मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों, 416 अति उच्च दाब सब स्टेशनों सहित एमपी ट्रांसको के सभी कार्यालयों के प्रांगणों तथा रहवासी कालोनियों में पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आउटसोर्स कर्मी सहित प्रत्येक कार्मिकों व परिजन द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## एक राय होकर की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस विवेकानंद वार्ड सांईधाम कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने दोस्त सूरज साहू के साथ शिवालय चौक के पास खड़े हुये थें उसी दौरान सागर तथा विकास द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये पत्थर मारकर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## पिता द्वारा दान में दी गई भूमि को लेकर पुत्र ने की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि लगभग 5 साल पूर्व गांव के शंकर लाल वर्मा ने मुझे 10*20 वर्ग फुट का प्लाट दान पत्र के माध्यम से दान किया था जिस पर मैने प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाया है व अपनी पत्नि व बेटियों के साथ रहता हूँ। मगर बीते हुये दिवस शंकर लाल वर्मा का लडका कमलेश वर्मा मुझसे कह रहा है कि यह जमीन हमारी है तुम लोग मकान खाली कर दो तब मैने उससे कहा कि हमे यह जमीन तुम्हारे पिता ने दान की है और हमने उस पर मकान बना लिया है हम मकान खाली नही करेंगे। इसी बात को लेकर जब प्रार्थी एवं बेटियों घर पर थे तथा पत्नि मजदूरी करने गयी थी। उसी दौरान कमलेश वर्मा हमारे घर के आंगन मे आा और मकान खाली करने की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## घर के पास से पानी बहने की बात पर महिला से मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये शिवाजी वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मैं अपने घर की छत पर पानी डाल रही थी तभी मेरे पड़ोस में रहने वाला राम भरोसे अहिरवार उसके छत की वाउंड्री कूद कर मेरे घर की छत पर आ गया और बोला कि तुम पानी क्यो बहा रही हो मेरे घर के बाजू से निकल रहा है और इसी बात को लेकर उसने गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया।

## बाउन्ड्री बाल की बात को लेकर माँ व बेटे से की मारपीट

**गाडरवारा।** लोग छोटी छोटी बातों को लेरक एक दूसरे की जान के दुश्मन बनने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बोहानी में देखने मिली है जहां पर घर के बाउन्ड्री बाल की बात को लेकर माँ व बेटे के साथ मारपीट करते हये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोहानी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पडौस मं रहने वाले नरेश जाटव,धमेन्द्र जाटव ,कमला जाटव पुरानी बाउन्ड्र बाल की बात को लेकर मेरे घर के बाहर गंदी गंदी गालिया दे रहे थें जो सुनने से बरी लगने के कारण जब मैने गाली देने से मना किया तो नरेश जाटव ने वही पर पडी सेन्ट्रींग की लकडी से मुझे मारा एवं महिला ने हाथ मुक्का से मारपीट किये तब मेरा लडका संतोष जाटव बीच बचाव करने आया तो लकडी से धमेन्द्र जाटव व कमला जाटव ने मेरे लडके के साथ मारपीट चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### महिलाओं में देखने मिला कन्हैया की भक्ति में लीन होने का अनोखा उत्साह

# श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के शुभारंभ पूर्व निकाली गई कलश शोभा यात्रा में उमड़ सैलाब

## मंगलदास त्यागी सहित नपा अध्यक्ष मिश्रा के व्यास गाद्दी का पूजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में आये दिन धार्मिक आयोजनों के कार्यक्रम होने के चलते नगर का जो नजारा देखने मिलता है वही निश्चित तौर से लोगों के दिलों में छीपी हुई धर्म के लगाव को उजागर करने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर शहर के नई गल्लामंडी प्रांगण में आयोजित होने जा रही भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ पूर्व जिस तरह शहर में कलश शोभायात्रा निकाली गई वह निश्चित तौर से इतिहासिक बनने से नही चूक पाई है। क्योंकि शायद ही किसी धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में इस तरह का उत्साह देखने मिला होगा जिसके चलते अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में युवा व समाज सेवी काके व काकू गंगापारी के परिवार द्वारा आयोजित किये जा रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन पूर्व निकाली गई कलश शोभायात्रा ने एक अलग ही इतिहास रचने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। ज्ञात हो कि आज से शुरू हो रहे आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्र के दौरान नगर की नई गल्ला मंडी प्रांगण में 5 जुलाई से 11 जुलाई तक भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन हो रहा है। इस भव्य आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में कथा व्यास प. शिवम दीक्षित द्वारा अपनी पावन वाणी से प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सुनाया जावेगा। इस तरह कथा शुभारंभ के पूर्व नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में भारी मात्रा में शामिल महिलाये जहां अपने सिर पर मंगल कलश लेकर जब नगर की सड़को से गुजरी तो संपूर्ण नगर गोकुलधाम का रूप धारण करने से नही चूका तो दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान आगे आगे चल रहे बैंड बाजों से लेकर डीजे की धुन पर लोग भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुये देखे जा रहे थें। वही दूसरी ओर शोभायात्रा औकारेश्वर के मंगलन आश्रम में भगवान हनुमान जी के भक्त महान संत मंगलदास त्यागी के आलवा अनेक संत नगरवासियों को अपना आर्शीवाद बरसाते हुये चल रहे थें। वही शोभायात्रा के दौरान अनेक प्रकार के फूलों से सजे हुये रथ पर सवार कथा व्यास पं. शिवम दीक्षित नगर को धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। इस तरह नगर के माँ ममतामयी दरबार से शुरू हुई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकलते हुये कथा स्थल नई गल्लामंडी प्रांगण पहुंची। जब शोभायात्रा समाप्त होने के बाद कथा व्यास अपनी गाधी पर विराजमान हुये तो इस आयोजन के आयोजक काके व काकू सहित नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य लोगों द्वारा भगवान की पादुका पूजन करने के साथ साथ श्रीमद भागवत पुराण का पूजन किया गया। वही व्यास गाधी पर विराजमान कथा वाचक महाराज का पूजन करते हुये आर्शीवाद लिया। इस दौरान सैकडों की संख्या में मौजूद लोगों द्वारा सबसे पहले भागवत पुराणकी आरती करते हुये पुण्य लाभ लिया गया। वही भगवान श्रीकृष्ण की कथा यानि की भागवत पुराण का शुभारंभ करते हुये महाराज जी ने कहा कि आज गाडरवारा में जिस तरह जो कलश यात्रा का स्वरूप देखने मिला है वह निश्चित इस बात को उजागर करने से नही चूक रहा था कि नगर के लिये बडे ही धार्मिक भावना के है। वही दूसरी ओर कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को कथा वाचक महाराज द्वारा अपना आर्शीवचन देते हुये कहा कि किसी भी आयोजन की कलश यात्रा का महत्व अलग ही होता है। महिलाये जिस तरह अपने सिर पर कलश लेकर आती है उसमें भगवान का वास होता है और आज भारी संख्या में गल्ला मंडी यानि की आयोजन स्थल तक जिस तरह भगवान को अपने सिर पर रखकर पहुंचाया है उससे ही प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि अब इस गाडरवारा नगर में धर्म की गंगा बहने से नही चूक पायेगी। इस तरह नगर के निकाली गई भव्य कलश यात्रा में अपने सिर पर कलश लेकर चल रही श्रीमति रानी तिवारी से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि निश्चित तोर से नगर व क्षेत्र वासी बडे सौभाग्य शाली है जिन्हें चल रहे आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्र के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की कथा सुनने का सौभाग्य मिल रहा है और महान संत मुनियों के दर्शन व आर्शीवाद अवसर मिला है। इसी प्रकार से श्रीमति कमला राजपूत का कहना था कि वैसे भी देखा जावे तो यह माह धर्म के लिये प्रमुख का माना जाता है। जिस तरह शुक्रवार यानि की माँ संतोषी माता के प्रिय दिवस जिस तरह हम लोगों को भगवान की कलश यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला है इससे निश्चित ही हम अपने आपकों सौभाग्य शाली मानते है। वही दूसरी ओर श्रीमति चौहान द्वारा भी हरिभूमि से चर्चा करते हुये कहा कि गाडरवारा क्षेत्र की जनता बडे ही सौभाग्य साली है जो चल रह आषाढ़ मास के दौरान महान संत के माध्यम से भगवान की कथा सुनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसी प्रकार से श्रीमति वंदना दुबे का कहना है कि गाडरवारा में आयोजित होने वाले यह श्रीमद भागवत कथा महापुराण क्षेत्रवासियों के लिये सुख समृद्वि का संदेश देने वाले साबित होने से नही चूक पायेगी। इस आयोजन को संपन्न कराने वाले हमारे क्षेत्र के काके व काकू गंगापारी सदा ही क्षेत्रवासियों की खुशहाली की ओर ले जाने के प्रयासों में लगे रहते है। मगर उनके माध्यम से जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण की कथा में इस तरह अपने सिर पर कलश रखते भक्ति प्राप्त करने के आलवा 6 दिनों तक कथा सुनने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

# सहावन गांव के पास मूंग खेत में मृत हिरण को लेकर चर्चाओं का बाजार, शिकार होने की जताई जा रही आशंका



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** इस समय क्षेत्र के जंगलों में जिस तरह लगातार लोगों की आवाजाही बढ़ने के साथ जंगलों की हो रही कटाई का परिणाम है कि जंगली जानवर गांवों की ओर रूख करते हुये देखे जा रहे है। इस तरह जंगली जानवरों का गांवों की ओर भागने के कारण या तो वह किसी दुर्घटना के शिकार हो होकर बेमौत मन जाते है या फिर शिकारियों के हाथ लगन से नही चूकते है? क्योंकि जंगल क्षेत्र में बढ़ रहे शोरगोल की सच्चाई बीते हुये दिनों उस समय देखने मिल चुकी है जब बारहाबड़ा क्षेत्र के जंगल में लम्बे समय तक जुंआ का अवैध कारोबार चलता रहा है और वन विभाग की जंगल में पहरा देने वाली टीम सोती रही और यह अवैध कारोबार वन विभाग की भूमि पर पनपते रहा जिसके चलते प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में वाहनों के माध्यम से पहुंचने वाली जुआ प्रेतियों के चलते वन प्राणलियों का क्या हाल बना होगा इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है? यही कारण है कि जंगल में निवास करने वाल वन्य जीव गांवों की ओर रूक करने के लिये मजबूर हो रहे है और वहां पर वह बेमौत मरते हुये देखे जा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम सहावन के पास एक मूंग के खेत में उस समय देखने मिला जब लोगों ने एक हिरण को मृत पाया गया। बताया जाता है कि शरीर में अनेक जगहों से खून निकलते हुये इस तरह मृत पड़े हुये हिरण की सूचना वन विभाग को दी गई जिसके चलते मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम द्वारा मृत हिरण का पंचनामा बनाते हयु कार्यावाही कर ली गई है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार हिरण की मौत हुई कैसे..? क्योंकि हिरण के शरीर में अनेक जगहों से निकल रहे खून के चलते यह बात तो जरूर है कि घाव बने होगे तभी तो खून निकल रहा था तो फिर घाव बने कैसे यह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ हिरण का शिकार होने की संभावना जताने से लोग नही चूक रहे है।

# स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का अनुशरण जरूरी - राय

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सरस्वती शिशु मंदिर में युवा ह्रदय सम्राट स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि मानव सेवा संघ के सदस्य अनूप के आलवा मुख्य वक्ता युवा शक्ति जागरण मंच के अध्यक्ष आशीष राय एवं संस्था के सचिव नरेन्द्र राय, प्राचार्य विपिन बिहारी श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ शिक्षक राकेश शर्मा के अतिथ्य में मां सरस्वती,भारत माता, विवेकानंद के तैलचित्र की पूजा अर्चना के साथ किया गया। वही अनूप जैन ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वही मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी विवेकानंद पर तीन पुस्तक लिख चुके युवा समाजसेवी आशीष राय ने कहा कि वास्तव में अगर युवा ह्रदय सम्राट कोई है तो वह सिर्फ और सिर्फ स्वामी विवेकानंद जी है। जिनके शिकागो में दिए ओजश्वी भाषण ने पूरी दुनिया को हिला डाला था। जिनके व्यक्तित्व में अपार उदय है,जिनके आचरण में अद्भुत शक्ति है। हम अगर उनके एक वाक्य के शब्दकोश को अपने जीवन में उतार ले तो हमारा कल्याण हो जायेगा। साथ ही आशीष राय ने स्वलिखित पुस्तक ₹स्वामी विवेकानंद मेरे आदर्श,मेरी यात्रा₹ कृति स्कूल पुस्तकालय के लिए भेंट की।कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा ने और आभार प्रकट नरेंद्र राय ने किया।



# चीचली स्वास्थ केन्द्र में डाक्टरों के अभाव से लोगों को नहीं मिल पा रहा स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ




**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा आम लोगों के स्वास्थ्य लोगों के हितों को ध्याम मे रखते हुए अनेक प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं चलाई जा रही है, मगर अक्सर देखा जाता है कि जब स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मी नही होगे तो फिर लोगों को उन योजनाओं का लाभ कैसे मिल पायेगा? कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय शहीद नगर चीचली में भी देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि इस समय चल रही बारिश के मौसम में क्षेत्र के लोग लगातार उल्टी दस्त बुखार सहित आंखों जैसी बीमारिया ग्रस्त होकर यहां के स्वास्थ केन्द्रो पर पहुंच रहे है। परन्तु स्वास्थ केन्द्रो पर डाक्टरो के अभाव के चलते मरीज को स्वास्थ्य संबंधी लाभ नही मिल पाता है जिसके चलते वहं यहा वहा भटकते हुए नजर आते है। कुछ ऐसा ही नजारा क्षेत्र के अन्य स्वास्थ केन्द्र मे देखने को मिल रहा है जहां पर डाक्टरो के न मिलने के कारण मरीजो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो डाक्टर अस्पताल मे मिलता है उसके पास मरीजो की भीड़ नजर आती है, यदि यहां के स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति पर गौर किया जावे तो चीचली स्वास्थ केन्द्र वन ग्रामो से लगा होने के कारण यहां पर मरीजो की काफी भीड़ रहती है, इतनी अधिक संख्या में मरीज यहां पहुंचते है फिर भी स्वास्थ केन्द्र पर सुविधाओ का अभाव है, बताया जाता है कि यहां के स्वास्थ केन्द्र मे पलंगो की कमी के कारण डाक्टर एक पलंग पर दो दो मरीज लिटाते हुए इलाज करने के लिए मजबूर रहते है। अनेको बार तो स्थिति इस प्रकार से देखी जाती है कि मरीजों को तो जमीन पर लेटकर इलाज कराना पड़ता है, इस स्थिति में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इस संबंध में जब यहां के ब्लाक प्रभारी से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि अस्पताल मे स्टाप की कमी है जो डाक्टर उन में से एक डाक्टर को फील्ड का कार्य देखना पड़ता है। बताया जाता है कि कभी कभी डाक्टर छुट्टी पर रहते है जिसके चलते अस्पताल में मरीजों को असुविधा होती है।

# अप डाउन संस्कृति पर नहीं लग पा रही रोक, शासन की योजनाएं हो रहे फेल

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत जितने भी कार्यालय है उनमें चंद अधिकारियों कर्मचारियों को छोड़ दिया जावे तो अनेक अधिकारी ऐसे है जो अप डाउन संस्कृति को न अपनाये हो अनेक कार्यालायो में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की अप डाऊन संस्कृति के चलते शासन की योजनाए फैल होती जा रही है? यहां पर अनेक विभागो के कार्यालयों में पदस्थ प्रमुख अधिकारियो से लेकर छोटे छोटे कर्मचारी तक अप डाउन करते हुए अपनी डियूटी जिस प्रकार से निभा रहे है कि लोग अपनी कार्यो के लिए उनका इंतजार करते हुए देखे जाते है। इतना ही नही यहां के प्रमुख ब्लाक कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय व अन्य विभागों के कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों सहित अनेक कार्योलयों में का यही हाल चल रहा है और ऐसा कई सालो से चलता आ रहा है कोई कार्यवाही न होने के कारण अधिकारी अपनी मनमानी से कार्य करते आ रहे है। हालत यह बनी हुई देखी जा रही है कि जब मन करें आ जाते है जब मन करे तब चले जाते है कोई रोकने वाली नही है। यह बात जरूर है कि यदि ऐसा कोई छोटा कर्मचारी करे तो नोटिस जारी होने लगते है। लेकिन जो उस विभाग का मुखिया होता है उस पर कार्यवाही करने वाला कोई नही रहता? इस प्रकार से शासकीय कार्यालयों में चल रही मनमानी को लेकर आज तक कोई भी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा इस अप डाउन संस्कृति पर अपनाने वाले अधिकारियो पर अंकुश नही लगा पा रहे है? जिसके कारण अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा जो समय निश्चित है उस समय पर न तो वह कार्यालय पहुंच पाते है और न ही लोगों की समस्याओं को सुना जाता है? जिसके कारण आम जनता की समस्या का हल नही निकलता व शिकायतें दिनों दिन बढ़ती जाती है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम भी अधिकारियो को याद नही रहता है। जिसके कारण जनसुनवाई भी नही हो पाती है और उस दिन जनता कार्यालयो के पास अपनी समस्या को लेकर मंगलवार के दिन का इंतजार करते हुये देखा जाता है और अपना अपना काम छोड़ कर जनसुनवाई के निश्चित समय 11 बजे के पहले इन कार्यालयो में आ जाते है और साहब के आने का इंतजार करते रहते है? लेकिन जब उन्हें मालूम चलता है कि साहब अभी आये ही नही है। अगर कोई उस कार्यालय में मौके पर उपस्थित किसी चपरासी से पूछे तो वह भी यही कह देता है कि जनसुनवाई का कोई औचित्य नही रह गया है? साहब को सप्ताह के अन्य दिन वैसे ही मंगलवार का रहता है, साहब उसी समय पर आयेगे जिस समय ट्रेन आएगी, साहब भी बेचारे क्या करे वह तो आना चाहते है पर ट्रेन लेट हो जाती है जिस कारण साहब समय पर आफिस नही पहुंच पाते है? जब ट्रेन गाडरवारा आयेगी और फिर साहब यहां आवेगे...., जिससे कार्य प्रभावित होते है तो होते रहे अब अपने परिवार थोड़ी छोड़ देवे। यदि यहां के शासकीय कार्यालयों का यही हाल रहा तो क्या शासन की योजनाएं वह जनता की समस्याओं का हल हो पायेगा...? अगर शासन प्रशासन को शासन की योजनाओ को जन जन तक लाभ पहुंचना है तो सबसे पहले अप डाउन संस्कृति पर रोक लगाना होगा? अगर इस संस्कृति पर रोक लग गई तो आम जनता के काम वाकई में समय सीमा में होने लगेगे, और आम जनता भी राहत की सांसा लेगी, ऐसी शासन प्रशासन से अपेक्षा है।



# नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है, मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है, क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस



प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है। वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है। मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है। वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है?

**खबर संक्षेप**

## कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने ग्राम छातापटपर में किया पौधारोपण

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत छातापटपर में ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान कमिश्नर ने ग्रामीणों से चर्चा भी की तथा ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण को बचाना चाहिए। मानव स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक है। कमिश्नर ने ग्रामीणों से कहा कि आप भी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए एवं अपने परिवार, समाज एवं दोस्तों को भी पौधारोपण करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र पवार, अपर कलेक्टर अनूपपुर अमन वैष्णव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने भी पौधारोपण किया।

## कमिश्नर एडीजीपी एवं कलेक्टर ने किया नुक्कड़ नाटक

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ ने आज अनूपपुर जिले के जैतहरी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत छाता पटपर में ग्रामीणों को लागू हुए तीन नए कानून की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र पवार, अपर कलेक्टर अनूपपुर अमन वैष्णव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने भी नुक्कड़ नाटक में अभिनय कर ग्रामीणों को लागू हुए नए कानूनों के बारे में जानकारी दी।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा के किये दर्शन

**अमरकंटक।** केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू (शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार) ने अमरकंटक पहुंच मां नर्मदा के दर्शन कर कल्याण सेवा आश्रम में स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। मंत्री का स्वागत स्वामी धमानंद जी महाराज, स्वामी हर स्वरुप जी महाराज, स्वामी सुंदरानंद जी महाराज ने किया। अपने अल्प प्रवास पर अमरकंटक आये केंद्रीय राज्यमंत्री ने सर्वप्रथम माता नर्मदा मंदिर पहुंचकर पूजन किया देश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद माँगा। इसके पश्चात बाबा कल्याण दास के आश्रम पहुँचकर स्वामी हिमाद्रि मुनि जी महाराज से आर्शीवाद ग्रहण किया एवं अमरकंटक के विषय में जानकारी प्राप्त की उनके साथ अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से गोपाल, अमित मेठवानी एवं भाजपा नेता वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकार उमाशंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।

### मामला वार्ड क्रमांक 3 वाल्मीक मोहल्ले का

# नगर परिषद शहपुरा की लापरवाही से तालाब बनी सड़क





**शहपुरा।**

शहपुरा नगर परिषद में विभाग की लापरवाही के चलते वार्ड नंबर 03 के वाल्मीक मोहल्ले के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। बार-बार कहने के बावजूद भी नगर परिषद इस ओर ध्यान देने में असमर्थ सी दिखाई पड़ रही है। आशंका बनी हुई है कि इस कीचड़ युक्त पानी से गुजरते हुए कहीं मोहल्लेवासी संक्रमित न हो जाएं। स्वच्छ भारत मिशन की हकीकत देखनी है तो वार्ड नंबर 03 में नगर परिषद के ठीक पीछे वाली गली वाल्मीक मोहल्ले में नजारा देखा जा सकता है। सड़क तालाब में तब्दील हो चुका है जिसके कारण सड़क का भरा हुआ में नन्हे मुन्ने बच्चे उसी रास्ते से स्कूल आते जाते हैं और कई बार गाड़ियां निकलने है तो बच्चो के कपड़ों कीचड़ के छीटें के निशान हो जाते है इन बारिश में दिनों से नाली व नाले चोक होने के कारण वाल्मीक मुहल्ले वार्ड क्रमांक 03 के लगभग 30 घरों के सामने सड़क पर नाली का गंदा पानी भरा हुआ है। पानी इसके कारण नाली की गंदगी निकलकर इसी पानी में आ रही है। गंदे पानी से उठती दुर्गंध के कारण मुहल्लेवासियों की हालत खराब है। इस बावत मोहल्ले के रहने वाले लोगों ने इस समस्या को लेकर नगर परिषद को कई बार वार्ता की किंतु अभी तक इस समस्या का हल नहीं निकल सका है। मोहल्ले वालों को यह आशंका है कि कहीं इस गंदे पानी से संक्रमित न हो जाए। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही मोहल्ले को इस समस्या से निजात नहीं मिली तो वह अपने वार्ड मेंबर के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलकर समस्या का समाधान कराने को विवश होंगे। मोहल्ले में रहने वाले लोग नगर परिषद के प्रति काफी खफा दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि वोट लेने के समय तो पार्षद मोहल्लेवासियों के घर के चक्कर लगाकर कसमें खाते हैं कि वह उन्हें परिषद से मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराएंगे किंतु अब इस सड़क पर भरे गंदे पानी को देखने की परवाह नहीं कर रहे हैं।

**इनका कहना है....**

आपके द्वारा ये समस्या मेरे संज्ञान में आया है में इस समस्या को दिखवाता हूं।
सत्येंद्र सिंह सालवार (प्रभारी सीएमओ शहपुरा)



## मुख्यमंत्री द्वारा गैस रिफिल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाड़ली बहना योजना एवं किसान कल्याण योजना अनुदान राशि का किया अंतरण

**डिंडौरी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आज शाम 4 बजे जिला टीकमगढ़ के ग्राम छिपरी में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की किसान, लाड़ली बहनों एवं अन्य हितलाभ वितरण करते हुए किसानों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरण की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनांतर्गत 1.29 करोड़ बहनों को राशि 1574 करोड़ से अधिक राशि, प्रधानमंत्री उज्जवला अंतर्गत गैस रिफिल योजना में 24 लाख से अधिक बहनों को 41 करोड़ से अधिक, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 81 लाख किसानों को राशि 1630 करोड़ से अधिक तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 330.90 करोड़ की सहायता राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में राशि जमा की गई।

## संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में पहुंचे नीति आयोग भारत सरकार के सदस्य दिनेश कटारिया



**डिंडौरी।** नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशन में आंकाक्षी विकासखंडों में आज 05 जुलाई 2024 को संपूर्णता अभियान कार्यक्रम विकासखंड बजाग के ग्राम जल्दाबोना में आयोजित किया गया। आकांक्षी विकासखंडों में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, कृषि, आजीविका मिशन, आयुष विभाग की सेवाएं शत प्रतिशत प्रदाय करने के लिए नीति आयोग भारत सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु भारत सरकार की नीति आयोग से नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। इसी प्रकार कार्यक्रम में ग्रामीणजनों के द्वारा स्वागत गीत एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत माता की छायाचित्र में माल्यार्पण करते हुए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के द्वारा फूल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा क्रमशः उद्बोधन दिए गए। अंत में जिला पंचायत सीईओ सुश्री विमलेश सिंह ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जरूरतमंद आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिन ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं हैं वहां पर उसी ग्राम के स्व सहायता समूह के सदस्यों को चार पहिया वाहन उपलब्ध कराकर आवागमन हेतु सुविधा मुहैया कराई जा रही है। कार्यक्रम में लाभान्वित हितग्राही राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन श्रीमती बाई, दौवलू सिंह कल्याणी पेंशन योजना से हन्सी बाई, जेढिया बाई, सहबिन बाई, बुधवरिया बाई लाडली लक्ष्मी योजना से काव्यांशी धुर्वे, नितिका बगदरिया, खिलेश्वरी, गौरी धुर्वे से लाभान्वित हुए। आजीविका मिशन के अंतर्गत सीसीएल वितरण में 35 समूहों को 92 लाख राशि प्रदान किए गए। ग्राम जल्दाबौना विकासखंड बजाग में विभागीय योजना अंतर्गत कृषको को कोदो-कुटकी बीज वितरण किया गया। जिले के बैगाचक क्षेत्र के दूर दराज ग्रामीण ग्राम पंचायत, टोलों में जहां पर आवागमन के साधन उपलब्ध न होने के कारण वहां के लोगों को आने जाने में बहुत समस्या आ रही है। जिन्हें शासन के द्वारा कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के प्रयास से गांव में संचालित स्व सहायता समूह को क्षेत्र में आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिकप, तूफान, टेम्पो एवं टेक्सी वाहन शासन की तरफ से निःशुल्क प्रदाय किया गया। साथ ही इतवरिया बाई, मंगली बाई, कुंवरिया बाई, सुकरती बाई, धर्मी बाई , अनीता बाई, सुकवरिया बाई एवं उजियारो बाई को बैगाचक महिला विकास समिति संकुल संगठन चांडा बैगा विकास परियोजना के द्वारा आजीविका एक्सप्रेस तूफान योजना का लाभ दिया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत हितग्राही सुखराम, रामभजन एवं ज्ञान सिंह को कपिलधारा कूप योजना का लाभ दिया गया। इसी तरह मध्यप्रदेश नंदन फल उद्यान के लिए नेमी सिंह एवं नरविंद सहित अन्य हितग्राहियों को हितलाभ प्रदाय किए गए। संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि श्रीमती फूलकली मरावी जनपद अध्यक्ष बजाग, श्रीमती सरिता पट्टा सरपंच, अमित बगदरिया जिला पंचायत सदस्य, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, एसडीएम बजाग आरपी तिवारी, तहसीलदार शांतिलाल विश्नोई, बीएमओ दीपेन्द्र धुर्वे, परियोजना अधिकारी रामजीवन वर्मा, जिला योजना अधिकारी ओपी सिरसे, बीआरसी ब्रजभान सिंह, कृषि अधिकारी चेतराम अहिरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी, डॉ. समीक्षा सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज उरैती सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।



### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का मामला

# अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का नियम विरुद्ध पुनः कराया गया परीक्षा

**डिंडौरी।**




एकलव्य आवासीय विद्यालय में पदस्थ रहे प्राचार्य के निलंबन के बावजूद अन्य कर्मचारियों की मनमानी थमने का नाम नही ले रही हैं, कुछ दिनों पहले 11वी में अध्ययनरत छात्रों ने कलेक्टर से शिकायत कर विद्यालय प्रबंधन व परीक्षा प्रभारी पर उत्तर पुस्तिका बदलकर द्वेषपूर्ण अनुत्तीर्ण करने का आरोप लगाया था, जिसकी जांच महीनों गुजरने के बाद आज भी लंबित है। वही विद्यालय प्रबंधन द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से अनुत्तीर्ण हुए 14 विद्यार्थियों की 5 जुलाई को पुनः परीक्षा आयोजित कर सम्पन्न कराई गई है, इस संबंध में अधिकारियों से बात करने पर बताया गया है कि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा कराये जाने का कोई प्रावधान नहीं है, वही जिम्मेदार परीक्षा प्रभारी के द्वारा नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमाफिक कार्य किया जा रहा है। इस मामले में प्रशासन का रवैया हीला हवाली वाला है,छात्रों के उत्तर पुस्तिका बदलने जैसे गंभीर आरोपो की जांच लंबित रखना वही दूसरी तरफ विद्यालय प्रबंधन द्वारा नियम विरुद्ध परीक्षा संपन्न कराना कहीं न कही वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता दर्शाता है।

### निलंबन के बाद भी नहीं सुधरे हालात

विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत की थी,जिसके वर्षो बाद प्राचार्य मनोज गोले के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई हैं,जनजाति कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन के उपसचिव द्वारा दिनांक 21ध्06ध्2024 को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर शेष अन्य तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबनध्अनुशासनात्मक कार्यवाही कर अवगत कराने का निर्देश कलेक्टर डिंडौरी को दिए थे। निलंबित प्राचार्य द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मध्यप्रदेश स्पेशल एंड रेशिडेंशियल एकेडेमिक द्वारा पदस्थ किये गए प्राचार्य को प्रभार नही सौंपा जा रहा है,जिससे विद्यालय में अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई हैं। वही विद्यालय में प्राचार्य समेत 28 शिक्षकों की पदस्थापना की गई हैं जिससे उम्मीद है कि यहाँ पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

**इनका कहना है.....**

अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का पुनः परीक्षा कराये जाने का कोई प्रावधान नहीं है, यह मामला मेरे संज्ञान में नही है, जांच करा दोषियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
**संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त,**
जनजाति कार्य विभाग,डिंडौरी

# भानपुर में तीन नए कानून को लेकर जन जागरूकता सम्मेलन का आयोजन



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय भानपुर में तीन नए कानून को लेकर जन जागरूकता सम्मेलन का आयोजन करते हुए कानून के बारे में उपस्थित आमजन को विस्तृत जानकारी दी गई। दरअसल 1 जुलाई 2024 से पुलिस थाना नए कानून लागू किए गए हैं। जिसके चलते जन जागरूकता सम्मेलन के दौरान समनापुर थाना प्रभारी कामेश धूमकेती, क्षेत्रीय नायब तहसीलदार आरपी मार्को, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे। गौरतलब हैं कि जन जागरूकता सम्मेलन के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और मौके पर समस्याओं का निराकरण किया गया। आयोजित जन जागरूकता सम्मेलन में मुख्य रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता हारुन खान, कांग्रेस नेता मकसूद मंसूरी, शान मंसूरी, पवन अहिरवार, राजेश यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम का सफल मंच संचालन राजेंद्र यादव द्वारा किया गया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला फूंका



**डिंडोरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डिंडोरी के कार्यकर्ताओ द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स शासकीय चंद्रविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिण्डौरी में व्याप्त सूचना पटल की अव्यवस्था, शिक्षकों की कमी एवं स्नातक द्वितीय वर्ष आधार पाठ्यक्रम के प्रश्न पत्र में त्रुटि ,तृतीय वर्ष बीएससी बीकॉम बए ओल्ड कोर्स के लगातार समय सारिणी बदला जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों का महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्रति निराशा के भाव उत्पन्न होते है। प्रवेश, परीक्षा और परिणाम को ठीक करने के लिये कहा गया है विद्यार्थियों के भविष्य के साथ लगातार लापरवाही देखने को मिल रही है पिछले कई महीनों से रीटोटलिंग व रीवैलुवेशन के परिणाम भी घोषित नहीं किये गए हैं। आक्रोश जताते हुए महाविद्यालय के सामने मुख्य चैराहा पर रानी दुर्गावती विश्विद्यालय के कुलपति का पुतला फूंका एवं आंदोलन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। शीघ्र नवीन सत्र की कक्षाओं का अध्यापन कार्य शुरू करने को भी कहा गया।

आंदोलन का नेतृत्व नगर मंत्री लक्ष्मण परमार ने किया साथ ही जिला संयोजक विवेक मार्को, नगर महाविद्यालय प्रमुख देपेंद्र जोगी, विद्यालय प्रमुख दीपक बर्मन, सह मंत्री वाशु, विशाल ओबेरॉय, राज राव, नेहा पांडे,दामिनी, निहारिका, मुस्कान, अतुल, देवहरि, अंकित गवले, सेजल, आंशिक एवं समस्त महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।



## मौहारी में एक माह से विद्युत बंद, विभाग गहरी नींद में, परेशान हो रहे ग्रामीण प्रशासन से लगाई गुहार

**डिंडौरी।** डिंडौरी जिले के मौहरी गांव के बड़ा टोला में ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते ग्रामीण एक माह से अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है। दरअसल ग्रामीणों ने बताया कि बारिश का दौर चल रहा है इसके बावजूद विभाग ध्यान नहीं दे रहा मजबूरी में छात्र-छात्राएं अंधेरे में पढ़ रहे हैं और ग्रामीण परेशानियों का सामना कर रहे हैं पीड़ति ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर सुधारने को लेकर गुहार लगाई है जिससे ग्रामीणों को बिजली की सुविधा मिल सके। गौरतलब है कि जवाबदारी बिजली विभाग कुंभकर्ण कीनिद्रा में ली है जिसके चलते गांव के ग्रामीण बिजली के उपकरण उपयोग नहीं कर पा रहे और मोबाइल चार्ज करने दूसरे गांव मोहल्ले जा रहे हैं जवाबदार हाथ पैर हाथ धरे बैठे हुए हैं जिसका खामियाजा ग्रामीण उठा रहे हैं और जनप्रतिनिधि चुनाव के बाद गायब हो गए हैं ग्रामीण अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं पीड़ति ग्रामीणों प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर सुधरा जाए जिससे राहत मिल सके ।

## जिले में प्रस्तावित राघवपुर, अपर नर्मदा परियोजना एवं बसनिया परियोजना डूब से प्रभावित भूमियों की विक्रय-विलेख एवं नवीन निर्माण कार्य पर रोक

**डिंडौरी।** जिले मे प्रस्तावित राघवपुर बहुउददेशीय परियोजना, अपर नर्मदा परियोजना, बसनिया बहुउददेशीय परियोजना में भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 11 के अन्तर्गत अधिसूचना जारी किया जा चुका है एवं भू-अर्जन की सुसंगत धाराओं मे कार्यवाही की जा रही है। अतएव आप परियोजनाओं में डूब से प्रभावित ग्रामो की भूमि का विक्रय-विलेख एवं नवीन निर्माण पर भूमि भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 11 की कंडिका (4) के अनुसार" कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं करायेगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्गांम सृजित नही करेगा" न ही प्रभावित भूमि पर कोई संरचना/निर्माण करेगा। इस प्रावधान के प्रकाश मे प्रभावित भूमियो के संव्यवहार/संरचना निर्माण किए जाने पर तत्काल प्रतिबंध लगाई जाती है। परियोजना से प्रभावित ग्रामों की डूब से अप्रभावित भूमियो संव्यवहार संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर किया जा सकेगा। परियोजना से प्रभावित सम्मलित गांव इस प्रकार हैं।

राघवपुर बहुउददेशीय परियोजना के अंतर्गत ग्राम मरवारी रैयत, कलगीटोला मा., कलगीटोला रैयत, खुरपार रैयत, जुनवानी रैयत. खैरदा रैयत. केवलारी मा. केवलारी रैयत. बरगा रैयत पडरिया रैयत, किसलपुरी मा., सक्का रैयत, सक्का मा. रमपुरी मा. छपरी मा. छपरी रैयत, रंहगी मा. इमलई रैयत, इमलई मा. रैयपुरा मा. मुढिया मा. धौरई रैयत धौरई मा. गांगपुर मा., सुबखार रैयत, घुसिया मालध्रैयत, चैरा मालध्रैयत, छिंदगांव मालध्रैयत, फडकी माल, सालीवाडा मालध्रैयत, मुदिया खुर्द, मुडियाकला माल, कुर्कवारा मालध्रैयत, विदयपुर रैयत, खाम्ही मालध्रैयत, जोगीकिरिया हिनौता माल, लुटगांव रैयत आदि 45 ग्रामों की फौती नामांतरण को छोडकर सभी ग्रामों की जमीन का विक्रय-विलेख एवं नवीन निर्माण पर रोक लगाई जाती है।

बसानिया बहुउददेशीय परियोजना के अंतर्गत मरवारी रैयत, कुसेरा रैयत, मटियारी रैयत, मून्डी रैयत, बिसवानी रैयत, बालपुर रैयत, डोकरघाट रैयत, फुलवाही रैयत, पगनियां, मरहीकछार रैयत सूरजपुरा मा. मोहगांव रैयत कुटरई माल 13 ग्रामों की फौती नामांतरण को छोडकर सभी ग्रामो की जमीन का विक्रय-विलेख एवंनवीन निर्माण पर रोक लगाई जाती है।

इसी तरह अपर नर्मदा परियोजना में ग्राम गोरखपुर मालध्रैयत, बलखोहा, मूशामुण्डी मालध्रैयत, पाटनगढ माल, सुनपुरी रैयत, पिपरखुटटा रैयत, मानिकपुर रैयत, शोभापुर माल, परसवाह, पथरकुचा मालध्रैयत, चुनपथरी, रहंगी, पकरी रैयत, रूसा, पाटनगढ रैयत, बम्हनी, एवं धंवाडोगरी आदि19 ग्रामों की फौती नामांतरण को छोडकर सभी ग्रामो की जमीन का विक्रय-विलेख एवं नवीन निर्माण पर रोक लगाई जाती है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया पौधरोपण



**नरसिंहपुर**। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने श्रम विभाग कार्यालय परिसर में आँवले का पौधरोपण किया गया। इस दौरान श्रम पदाधिकारी श्रीमती ज्योति पांडे दुबे एवं उनका स्टाफ मौजूद था। पौधरोपण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा है कि उनकी सुरक्षा भी करें क्योंकि यह हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही जरूरी है।

### मनाया गया वन महोत्सव कार्यक्रम



**करेली** । गत दिवस कार्मेल विद्यालय करेली में वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भित्ति चित्र, नारे लेखन, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पेड़-पौधों के महत्व उनकी अनिवार्यताओं को दर्शाया और वन संरक्षण, प्रकृति संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया। प्राचार्य फादर वर्गिस ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षों से ही हमारा जीवन है। पेड़ - पौधों वनों का संरक्षण करना हमारा प्रथम दायित्व होना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और जनमानस से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का अनुरोध किया।

### टैग हटाये जाने की कार्यवाही प्रारंभ

**नरसिंहपुर**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना के उपरांत व्हीव्हीपीएटी से थर्मल पेपर रोल और एड्रेस टैग हटाये जाने की कार्यवाही 5 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है, जो कार्यालयीन समय में कार्य समाप्ति उपरांत निरंतर चलेगी। इस अवधि में प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे सांय 5.30 बजे तक ईव्हीएम वेयर में बनाये गये व्हीव्हीपीएटी स्ट्रांग रूम को खोला और बंद किया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने 5 जुलाई से कार्य समाप्ति तक प्रातः 10.30 बजे एवं सायं 5.30 बजे ईव्हीएम वेयर हाउस में बनाये गये व्हीव्हीपीएटी स्ट्रांग रूम को खोलने और बंद किये जाने तथा कार्य के दौरान संबंधित अभ्यर्थियों और संबंधित पार्टी के जिलाध्यक्ष से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### ई स्कूटर के लिए अनुदान योजना

**नरसिंहपुर**। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के लिए भवन एवं अन्य संनिर्माण ई स्कूटर के लिए अनुदान योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य पंजीकृत भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिकों को उनके कार्यस्थल तक आवागमन के लिए ई स्कूटर वाहन क्रय करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना अंतर्गत हितलाभ के लिए मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक वास्तविकता में निर्माण श्रमिक हो एवं 5 वर्ष तक सतत रुप से वैद्य पंजीयन होना चाहिए। आवेदक द्वारा ई स्कूटर क्रय कर मंडल के पोर्टल पर अनुदान के लिए आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला श्रम कार्यालय में संपर्क कर सकते है। यह जानकारी श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ज्योति पाण्डे दुबे ने दी है।

# विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों हुये लाभान्वित

### देखा व सुना गया मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण कार्यक्रम



**नरसिंहपुर**। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, गैस सिलेंडर रीफिल योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों को लाभांवित किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत वर्ष 2024- 25 की प्रथम किस्त तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी में लाड़ली बहना के हितग्राहियों को माह मार्च 2024 के लिए 450 रुपये में गैस रिफिल अनुदान योजना के अंतर्गत प्रदेश की 24 लाख से अधिक बहनों के खातों में 41 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया।

इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 81 लाख से अधिक किसानों के खाते में वर्ष 2024- 25 की प्रथम किस्त की राशि 1630 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1574 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

इन योजनाओं में नरसिंहपुर जिले के हितग्राही भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 42 हजार 666 हितग्राहियों को 49 लाख 23 हजार 190 रुपये की गैस रिफिल अनुदान राशि का अंतरण किया गया। इसी तरह पीएम उज्जवला श्रेणी में लाड़ली बहना के 3 हजार 225 हितग्राहियों के बैंक खातों में 12 लाख 74 हजार 866 रुपये की राशि गैस रिफिल अनुदान राशि का अंतरण किया गया। इस प्रकार जिले के 45 हजार 891 हितग्राहियों को 61 लाख 98 हजार 56 रुपये की गैस रिफिल अनुदान राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जिले की कुल 2 लाख 13 हजार 83 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 25 करोड़ 87 लाख 73 हजार 950 रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। जिले की जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत 32 हजार 890 लाड़ली बहनों को 4 करोड़ 66 हजार 700 रुपये, चीचली के अंतर्गत 27 हजार 542 लाड़ली बहनों को 3 करोड़ 35 लाख 11 हजार 300 रुपये, गोटेगांव के अंतर्गत 33 हजार 500 लाड़ली बहनों को 4 करोड़ 8 लाख 78 हजार 400 रुपये, करेली के अंतर्गत 26 हजार 258 लाड़ली बहनों को 3 करोड़ 19 लाख 14 हजार एक सौ रुपये व सांईखेड़ा के अंतर्गत 24 हजार 412 लाड़ली बहनों को 2 करोड़ 97 लाख 23 हजार 600 रुपये और नगर पालिका गाडरवारा के अंतर्गत 8 हजार 868 लाड़ली बहनों को एक करोड़ 6 लाख 70 हजार 400 रुपये, गोटेगांव के अंतर्गत 4 हजार 780 लाड़ली बहनों को 57 करोड़ 29 हजार 600 रुपये, करेली के अंतर्गत 5 हजार 172 लाड़ली बहनों को 61 लाख 67 हजार 400 रुपये व नरसिंहपुर के अंतर्गत 8 हजार 839 लाड़ली बहनों को एक करोड़ 6 लाख 47 हजार 950 रुपये एवं नगर परिषद चीचली के अंतर्गत 3 हजार 114 लाड़ली बहनों को 37 लाख 67 हजार एक सौ रुपये, सांईखेड़ा के अंतर्गत 2 हजार 287 लाड़ली बहनों को 27 लाख 60 हजार 950 रुपये, तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 2 हजार 634 लाड़ली बहनों को 31 लाख 86 हजार 900 रुपये और सालीचैका के अंतर्गत 2 हजार 812 लाड़ली बहनों को 33 लाख 87 हजार 800 रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024- 25 की पहली किस्त जिले के एक लाख 46 हजार 453 किसानों को 29 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभांवित किया गया। इसमें तहसील गाडरवारा के अंतर्गत 39 हजार 77, गोटेगांव के अंतर्गत 27 हजार 694, नरसिंहपुर के अंतर्गत 26 हजार 39, करेली के अंतर्गत 20 हजार 419, सांईखेड़ा के अंतर्गत 17 हजार 59 और तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 16 हजार 165 किसान शामिल हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को जिला स्तर, विकासखंड स्तर और ग्राम स्तर पर देखा व सुना गया। स्थानीय एनआईसी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अन्य जनप्रतिनिधि, हितग्राही और आमनागरिक मौजूद थे।

# संभागायुक्त श्री वर्मा ने ली वीसी बैठक

**नरसिंहपुर** । जबलपुर संभाग आयुक्त अभय वर्मा ने 20 जुलाई को जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को प्रभावी बनाने के लिये संभाग के कलेक्टर की बैठक वीडियो कांफ्रेंस माध्यम से ली। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। विभिन्न उद्यमियों व उद्योग संघों के पदाधिकारियों को कॉनक्लेव में भाग लेने के लिये रजिस्ट्रेशन भी कराया जाये। रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव में उद्यमियों की सहभागिता व रजिस्ट्रेशन के लिये बार कोड भी जारी किया है। अधिक से अधिक उद्यमी अपना रजिस्ट्रेशन कराकर इंडस्ट्री कॉनक्लेव में सहभागिता कर सकते हैं। यह कॉनक्लेव शनिवार 20 जुलाई को तैय्यब अली पेट्रोल पंप के पास नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर जबलपुर में सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस कॉनक्लेव में 4 प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र माइंस एंड मिनरल्स, एग्रीकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग, एयरोस्पेस और डिफेंस, टेक्सटाइल्स एंड गारमेंट्स पर आधारित सत्र आयोजित किए जाएंगे। कॉनक्लेव के अतिरिक्त मुख्य आकर्षण बायर सेलर मीट, इंडसट्रियल एग्जिबिशन और जबलपुर एक्सपो जैसे कई अन्य कार्यक्रम भी होंगे। यह एक दिवसीय कार्यक्रम होगा जो आपको मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता और व्यापारिक अवसरों के बारे में जानने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। इस संबंध में लिंक पर अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। वीडियो कांफ्रेस में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि जिले में भी उद्योगपतियों, स्टार्टअप एवं विभिन्न उद्यमियों से चर्चा कर उन्हें इस कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करेंगे। जिले में उद्योग एवं व्यापार के लिए असीम संभावनाएं हैं। इस दिशा में निवेश को प्रोत्साहित कर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्थानीय एनआईसी कक्ष में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वन्दना जाट, उद्योग और व्यापार केंद्र व उद्यानिकी कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



# उल्लास नव भारत साक्षरता प्रशिक्षण संपन्न



**नरसिंहपुर**। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण समिति अध्यक्ष कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिला, विकासखण्ड, जनशिक्षक केन्द्र स्तरीय, एक दिवसीय उल्लास नव भारत साक्षरता उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जनपद शिक्षा केंद्र नरसिहपुर के समस्त जन शिक्षा केंद्र पर जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र पीएमश्री एमएलबी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में जन शिक्षा केंद्र प्रभारी श्रीमती गायत्री सोनी, जिला सह समन्वयक साक्षरता अखलेश राजोरिया की उपस्थिति में जन शिक्षक एचपी कोरी, राजकुमार कुशवाहा संकुल सह समन्वयक एलपी गिरदोनिया द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता की विस्तृत जानकारी संकुल अंतर्गत सामाजिक चेतना केंद्रों के नोडल अधिकारी को बैठक के दौरान दी गई। जिला परियोजना सह समन्वयक अखलेश राजोरिया द्वारा असाक्षरों के आनलाइन सर्वे कर अक्षरसाथी के माध्यम से विधिवत रिकार्ड संधारित कर विधिवत केंद्र संचालन हेतु क्या प्रयास किए जाने चाहिए से अवागत कराते हुए नोडल अधिकारी के केंद्र स्तर पर आने वाली कठिनाइयों हेतु सुझावत्मक निराकरण किया। जनशिक्षा केंद्र हाई स्कूल रोंसरा में प्राचार्य सुश्री रश्मि राय, जनशिक्षक आरपी शर्मा, संजय मेहरा, संकुल सह समन्वयक देवेन्द्र पटेल द्वारा नोडल अधिकारियों को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के समस्त असाक्षरों जिन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का ज्ञान नही हैं या कोई साक्षरता का प्रमाण पत्र नहीं है ऐसे व्यक्तियों का सर्वे, एप पर नामांकन की विस्तृत जानकारी दी गई। नव भारत साक्षरता के विधिवत क्रियान्वयन हेतु सभी नोडल अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। बीआरसी ओपी राय ने कार्यक्रम की प्रस्तावना, साक्षरता दर, कार्यक्रम उद्देश्य, लक्ष्य, क्रियान्वयन, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, चेतना केंद्रों की मॉनिटरिंग, अक्षर साथी का रजिस्ट्रेशन, अक्षर साथी के कार्य मे सहयोग, बाल पोथी, पठन पाठन सामग्री का उपयोग, वातावरण निर्माण, बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा, अन्य विभागों से प्राप्त होने वाले सहयोग तथा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण पर विस्तृत जानकारी दी गई। बीएसी ब्रजेश नेमा ने कहा कि ग्राम बसाहट में कोई भी लाडली बहना असाक्षर ना रहे, सर्वे कार्य को गंभीरता से पूर्ण कर सामाजिक चेतना केंद्रों का अक्षर साथी के सहयोग से विधिवत संचालन कर आगामी माह में होने वाली साक्षरता परीक्षा में शत प्रतिशत लाडली बहना को साक्षर करने के लक्ष्य को हासिल करना है। जनशिक्षा केंद्र के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, एकीकृत शालाओं के प्रधानपाठकों की उपस्थिति रही।

# एनसीसी शिविरार्थियों ने किया वृक्षारोपण

**नरसिंहपुर**। झौतेंश्वर मे 1 म.प्र बटालियन एनसीसी जबलपुर द्वारा संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर झौतेश्वर में शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम अभियान को आत्मसात करते हुये शिविर के एनसीसी कैडिट्स द्वारा वन विभाग की योजना के अन्तगत शासकीय अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैम्प कमांडेन्ट कर्नल विवेक भंटारा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व, को रेखांकित करते हुये कैडिट्स को निजी जीवन में भी वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पी टी, ड्रिल, युद्ध एवं क्षेत्र कला, हथियारो का सैन्य प्रशिक्षण, स्वास्थय, साफ सफाई एंव मानचित्र अध्ययन के अलावा थल सेना कैम्प में चयनित कैडिट्स ने फायरिंग का अभ्यास कर अपने निशाने को दुरूस्त किया। अगले चरण में एनसीसी कैडिट्स ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। दैनिक व्याख्यान माला की श्रृंखला में डिजिटल फोरम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। शिविर में चयनित सर्विस सिलेक्शन बोर्ड और डिफेंस सर्विसेस हेतु कैडिट्स की पृथक से विशेष कक्षाओ का संचालन किया गया। एकता और अनुशासन के मूल मंत्र पर संचालित कैम्प में गार्ड ऑफ ऑनर हेतु निर्धारित सम्मान गारद का चयन कर अभ्यास कराया जा रहा है। गौरतलब है कि हम सब भारतीय है की अवधारणा में रंगे इस शिविर में देश के युवा नागरिको में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास किया जा रहा है।



# भारतीय न्याय संहिता जागरूकता शिविर सम्पन्न



**नरसिंहपुर**। हब फॉर एंपावरमेंट वुमेन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोहनी जाधव के निर्देशन में तिलक वार्ड की ऑगनबाड़ी क्रमांक 01 में भारतीय न्याय संहिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट, महिला अधिकारों व महिला हेल्प लाइन 181 व एक जुलाई 2024 से लागू हुए 3 नये कानूनों के बरे में जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में पूर्व बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी, श्रीमती ललिता त्रिवेदी सहित अन्य महिलाएं व बालिकाएं मौजूद थी। यह जानकारी प्रशासक वन स्टाप सेंटर- सखी नरसिंहपुर ने दी है।

## फर्जी पत्रकार के विरूद्ध सरपंच व ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर** । शुक्रवार को जिले की जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत इमलिया के सरपंच मालगुजार कौरव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला पंचायत सीईओं तथा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंप कर फर्जी पत्रकार बनकर वसूली करने वाले पर कार्रवाई की मांग करते हुये ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि कुछ कथाकथित व्यक्तियों द्वारा स्वंय को पत्रकार बताकर शासकीय कार्य मे बाधा डालते है तथा सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत कर उसे कटवाने के एवज मे अवैध राशि की मांग की जाती है। उनके द्वारा शोसल मीडिया पर भी निर्माण कार्य को लेकर दुष्प्रचार किया जाता है उनके द्वारा किसी भी अखबार व अन्य संस्थान मे विधि अनुरूप समाचार का भी प्रकाशन नही किया जाता है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुयें ज्ञापन सौंपा गया ।उक्त मौके पर सरपंच मालगुजार कौरव सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे ।

## बेलगाम ट्राले ने नौ गायों को रौंदा

**तेंदूखेड़ा**- राष्ट्रीय राजमार्ग 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग आये दिन खून से सना हुआ देखा सुना जाता है।एन एच पर बेलगाम दौड़ते भारी वाहन कभी व्हीकल चालकों को रौंदते नजर आते हैं तो कभी मूक प्राणियों को रौंदते हुए देखे जाते हैं। गुरुवार की रात्रि के समय मदनपुर के समीप भोपाल तरफ से जबलपुर की तरफ जा रहे एक ट्राले क्रमांक एन एल 01ए एफ 5204 ने सड़क किनारे विचरण कर रहीं गायों को नींद में बेलगाम दौड़ रहे ट्राले ने मौके पर अनेक मवेशियों को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें नौ गायों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि अनेक मवेशी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मौके पर गांव के लोगों ने तत्काल ट्राले को पुलिस के हवाले किया एवं मृत गायों को सड़क से दूर किया काफी दूर तक खून से लथपथ हो गई थी। वहीं घायल मवेशियों का इलाज भी कराया जा रहा है। चूंकि यह कोई आज की घटना नहीं है।आये इस तरह की घटनाएं सुनने को मिलती रहती है। वहीं ढिलवार तिगड्डा से लेकर मदनपुर तक घटनाएं घटित हुआ करती है।अक्सर कर देखने में आता है कि एन एच आई द्वारा मुख्य सड़क मार्गो पर सुरक्षित आवागमन के लिए बाहन निर्धारित की गई है। लेकिन यह सेवा केवल दिखावा साबित हो रही है चाहे एन एच आई की विद्युत व्यवस्था हो या किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना का विषय हो। यहां तक कि मवेशियों को हटाने तक यह बाहन सेवा हमेशा नदारत बनीं रहती हैं। किसी भी प्रकार की कोई शिकवा शिकायत भी की जाती है तो केवल औपचारिकतायें ही निभाई जाती है।

## मुनिश्री संभव सागर जी का आगमन कल



**नरसिंहपुर** ।जिले की गोटेगांव तहसील में मूकमाटी महाकाव्य रचयिता परमपूज्य आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर महा मुनिराज जी के परोक्ष आशीष एवं परमपूज्य विद्या शिरोमणि आचार्य भगवन श्री 108 समयसागर महाराज जी के मंगल आशीर्वाद से गोटेगांव में जैन मुनिश्री का चातुर्मास कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, श्रीधाम नगर जैन समाज को निर्यापक श्रमण परमपूज्य मुनिवर श्री 108 संभवसागर महाराज जी ससंघ का चातुर्मास कराने के लिए सौभाग्य प्राप्त हुआ है, श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष सिघंई राजकुमार जैन ने बतायाकि गोटेगांव नगर को मुनिश्री 108 संभवसागर महाराज जी के संघ में मुनिश्री श्री 108 निस्सीम सागरजी महाराज मुनिश्री 108 श्रमणसागरजी महाराज, मुनिश्री 108 संस्कारसागर महाराजजी,मुनिश्री 108 ओंकारसागर महाराजजी, छुल्लक श्री 105 जाग्रत सागरजी महाराज, छुल्लक श्री 105 गौरव सागर महाराज जी का पावन सानिध्य मिलेगा, गोटेगांव नगर को मिला यह सौभाग्य जैन समाज के लिए निश्चित ही असीम पुण्य का उदय है, इस पावन चातुर्मास को मंगलमय बनाने के लिए गोटेगांव जैन समाज ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं, पावन वर्षायोगचातुर्मास के लिये निर्यापक श्रमण परमपूज्य मुनिश्री 108 संभवसागर महाराजजी ससंघ का भव्य नगर आगमन गोटेगांव में आगामी 7 जुलाई रविवार को सुबह 8 बजे होने जा रहा है, पूज्य मुनिसंघ की भव्य अगवानी हेतु बुजुर्ग माताएं बहनों, युवा सहित सकल जैन समाज अगवानी को भव्यता प्रदान करने के लिए तैयारियो में जुट गए है ।